Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 16/03/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** **कंप्यूटर सिस्टम का एक प्रमुख अभिलक्षण 'डिलीजेंस (Diligence)' है। निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य मुख्य रूप से कंप्यूटर सिस्टम की एक ऐसी सीमा को उजागर करता है जिसे उसके डिलीजेंस द्वारा दूर नहीं किया जा सकता है?**

**Ans**
✘ A. कंप्यूटर का उपयोग सुबह उड़ानें बुक करने और दोपहर में कोड लिखने के लिए किया जाता है।
✘ B. कंप्यूटर प्रति सेकंड ट्रिलियन गणनाएँ करता है, जो किसी भी मानव की तुलना में बहुत तेज़ है।
✔ C. कंप्यूटर गलत आउटपुट उत्पन्न करता है क्योंकि दर्ज किया गया प्रारंभिक डेटा त्रुटिपूर्ण था।
✘ D. कंप्यूटर बिना किसी अवधान-ह्रास के लगातार 72 घंटों तक डेटा संसाधित करना जारी रखता है।

**Q.2** **विंडोज 11 में फ़ाइल प्रबंधन के संबंध में कौन-सा कथन सत्य या असत्य है?**

**(i) जब किसी फ़ाइल को डिलीट किया जात है, और उसे रीसायकल बिन में मूव किया जाता है, तो उसका कंटेंट स्टोरेज डिस्क से तुरंत और स्थायी रूप से इरेज़ (erase) हो जाता है।**
**(ii) फ़ाइल पाथ (C: > Users > Documents > file.txt) एक सख्त पदानुक्रमित संरचना है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक फ़ाइल का एक अद्वितीय पाथ होता है।**

**Ans**
✔ A. (i) असत्य, (ii) सत्य
✘ B. (i) सत्य, (ii) सत्य
✘ C. (i) सत्य, (ii) असत्य
✘ D. (i) असत्य, (ii) असत्य

**Q.3** **2025 में, प्रमुख भारतीय शहरों के लिए जारी राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक में कौन-सा शहर शीर्ष पर रहा?**

**Ans**
✘ A. कोलकाता
✘ B. मुंबई
✘ C. रांची
✔ D. शिलांग

**Q.4** **निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?**
**JMO 50 MPR 61 PSU 72 SVX 83 ?**

**Ans**
✘ A. VEO 93
✘ B. VZZ 94
✔ C. VYA 94
✘ D. VXZ 93

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.5** 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम के किस प्रावधान की सबसे अधिक आलोचना की गई, क्योंकि इसने भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन की एकता को कमजोर किया था?

**Ans**
- ✗ A. गवर्नर-जनरल की परिषद में भारतीयों का समावेश
- ✗ B. प्रेसीडेंसियों में कार्यकारी परिषदों की शुरुआत
- ✓ C. अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों का निर्माण
- ✗ D. विधान परिषदों का विस्तार

**Q.6** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एक अंक वाली संख्याएँ हैं।
(बाएँ) G 6 E * @ # 3 D 2 % 7 4 Y & 5 + C R K S T (दाएँ)
ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद एक अक्षर है?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 0
- ✓ C. 1
- ✗ D. 3

**Q.7** दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 1116 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 186 है। यदि उनमें से एक संख्या 372 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 372
- ✗ B. 465
- ✗ C. 930
- ✓ D. 558

**Q.8** जसप्रीत ने ₹28,450 की धनराशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर जमा की जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष बाद जसप्रीत को प्राप्त कुल मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. ₹40,968
- ✗ B. ₹40,624
- ✗ C. ₹40,958
- ✗ D. ₹41,126

**Q.9** निम्न में से किस शॉर्टकट द्वारा डॉक्यूमेंट में संपूर्ण कंटेंट को सेलेक्ट किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. Ctrl+S
- ✗ B. Ctrl+R
- ✗ C. Ctrl+E
- ✓ D. Ctrl+A

**Q.10** भारत कितनी बार UNFCCC को अपनी बाइएनियल अपडेट रिपोर्ट (BURs) प्रस्तुत करता है?

**Ans**
- ✓ A. प्रत्येक दो वर्ष में
- ✗ B. प्रत्येक वर्ष में
- ✗ C. प्रत्येक तीन वर्ष में
- ✗ D. प्रत्येक पाँच वर्ष में

**Q.11** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर चुनें।
प्रश्न: पाँच मित्र - गौरव, हिमांशु, ईशान, लोकेश और मुकुल - की आयु अलग-अलग है।
तीसरा सबसे बड़ा कौन है?
(I) ईशान, गौरव से बड़ा है लेकिन लोकेश से छोटा है।
(II) मुकुल, ईशान से बड़ा है लेकिन लोकेश से छोटा है।

**Ans**
- ✗ A. कथन II में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं (केवल कथन I या केवल कथन II नहीं)।
- ✗ C. कथन I में दी गई जानकारी ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
- ✓ D. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.12** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✔ A. FI-JM
- ✗ B. ZD-CG
- ✗ C. QU-TX
- ✗ D. KO-NR

**Q.13** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 10 24 45 73 ?

**Ans**
- ✗ A. 104
- ✗ B. 111
- ✗ C. 109
- ✔ D. 108

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन प्रत्यक्ष रूप से प्रार्थना समाज से संबंधित नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. महादेव गोविंद रानाडे
- ✗ B. आत्माराम पांडुरंग
- ✔ C. देवेन्द्रनाथ टैगोर
- ✗ D. आर.सी. भंडारकर

**Q.15** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

20 22 25 30 37 ?

**Ans**
- ✗ A. 51
- ✗ B. 49
- ✗ C. 55
- ✔ D. 48

**Q.16** निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$\frac{\sqrt[3]{2744}}{\sqrt[4]{256}} \times \frac{2}{42} \times 72$$

**Ans**
- ✗ A. 17
- ✗ B. 5
- ✗ C. 10
- ✔ D. 12

**Q.17** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूटान की राजकीय यात्रा (11–12 नवंबर 2025) के दौरान, किस जलविद्युत परियोजना का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया था?

**Ans**
- ✗ A. 720 MW मंगदेछु HEP
- ✗ B. 1200 MW पुनात्सांगछू-I HEP
- ✔ C. 1020 MW पुनात्सांगछू-II HEP
- ✗ D. 336 MW चूखा HEP

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.18 सात व्यक्ति B, C, O, P, Q, R और S एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाएँ से गिनने पर, P और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और P के बीच केवल S बैठा है। Q, B के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। C, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। R के बाएँ, तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. P
- ✓ B. O
- ✗ C. B
- ✗ D. C

Q.19 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : EGC :: QSO : %

Ans
- ✗ A. # = TYF; % = NHG
- ✓ B. # = HJF; % = NPL
- ✗ C. # = NJG; % = NKJ
- ✗ D. # = GTF; % = NNH

Q.20 एक दुकानदार एक वस्तु को 60% हानि पर बेचने का दावा करता है, लेकिन वह सदोष तुला का उपयोग करके 90% लाभ अर्जित करता है। 1 kg के स्थान पर कितने वास्तविक वजन (एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) का उपयोग करता है?

Ans
- ✗ A. 214.1 gm
- ✗ B. 209.5 gm
- ✓ C. 210.5 gm
- ✗ D. 213.6 gm

Q.21 दिसंबर 2025 में हस्ताक्षरित भारत-लाइबेरिया समझौता-ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-सा था?

Ans
- ✗ A. रक्षा विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करना
- ✗ B. संयुक्त अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत करना
- ✓ C. औषधि गुणवत्ता मानकों पर सहयोग बढ़ाना
- ✗ D. नए राजमार्गों का निर्माण करना

Q.22 रेखा AB, रेखा CD के समांतर है। एक तिर्यक रेखा PQ, AB को M पर और CD को N पर प्रतिच्छेदित करती है। यदि $\angle PMB = (5x)^\circ$, $\angle BMN = (3x + 2y)^\circ$ और $\angle DNQ = (x + 3y)^\circ$ है, तो $\angle BMN$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $112^\circ$
- ✗ B. $100^\circ$
- ✓ C. $105^\circ$
- ✗ D. $98^\circ$

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के महाराष्ट्र के दौलताबाद किले के भीतर स्थित एक महत्वपूर्ण स्मारक नहीं है?

Ans
- ✓ A. सिकंदर किला
- ✗ B. जामी मस्जिद
- ✗ C. चांद मीनार
- ✗ D. भारतमाता मंदिर

Prepp Your Personal Exams Guide

**Q.24** एक व्यापारी दो वस्तुएँ X और Y प्रत्येक को ₹800 की दर से खरीदता है। वह दोनों वस्तुओं पर समान मूल्य अंकित करता है। वह X को 45% और 73% की दो क्रमिक छूटें देकर बेचता है और लाभ के रूप में ₹523 अर्जित करता है। यदि वह Y को 89% की एकल छूट पर बेचता है, तो Y पर लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21.5%
- ✗ B. 22%
- ✗ C. 21%
- ✓ D. 22.5%

**Q.25** यदि समीकरण $x^2 – 3px + q = 0$ और $x^2 – 2kx + t = 0$ का एक मूल उभयनिष्ठ है, और पहले समीकरण के मूल बराबर हैं, तो $(t + q)^2$ का मान क्या है?

Ans
- ✓ A. 9p2k2
- ✗ B. 4pk
- ✗ C. (3p – 2k)
- ✗ D. 0

**Q.26** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
A - B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G + R x W ÷ D - M' है, तो G का M से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. माता
- ✓ B. माता की बहन
- ✗ C. बहन
- ✗ D. माता की माता

**Q.27** निम्नलिखित में से किस अक्षर समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OIM :: ICG : %

Ans
- ✗ A. # = LPO, % = GJH
- ✗ B. # = MKO, % = GMK
- ✓ C. # = QKO, % = GAE
- ✗ D. # = MKO, % = GMJ

**Q.28** सात व्यक्ति, K, L, M, N, P, Q और R, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों। N के दाएँ से गिनती करने पर N और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N और P के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। L, R के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। K के बाएँ से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. N
- ✗ B. L
- ✗ C. P
- ✓ D. R

**Q.29** दो ट्रेनें 110 km/hr और 120 km/hr की चाल से विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक ट्रेन की लंबाई 450 m है। दोनों ट्रेनों को एक-दूसरे को पार करने में 12 सेकंड का समय लगता है। दूसरी ट्रेन की लंबाई (m में) (2 दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 316.67
- ✗ B. 317.34
- ✗ C. 318.7
- ✗ D. 314.28

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली सरकारी विकास नीति की आधारशिला बन गई है और अधिकांश ग्रामीण विकास कार्यक्रमों से संबंधित है?

Ans
- ✗ A. स्वच्छ भारत अभियान
- ✗ B. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार सशक्तिकरण योजना (MGNRES)
- ✓ C. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)
- ✗ D. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS)

Q.31 3 अज्ञातों वाले निम्नलिखित 3 समीकरणों के निकाय हल कीजिए।

$x - 3z = -5$
$2x - y + 2z = 16$
$7x - 3y - 5z = 19$

Ans
- ✗ A. $x = 4, y = -2, z = -3$
- ✗ B. $x = -4, y = 2, z = -3$
- ✓ C. $x = 4, y = -2, z = 3$
- ✗ D. $x = -4, y = 3, z = -2$

Q.32 पतंग उड़ा रहा एक लड़का 24.4 m लंबी डोर को इस प्रकार पकड़ता है कि वह भूमि से 30° का कोण बनाती है। भूमि से पतंग की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 12.2 m
- ✗ B. 13.2 m
- ✗ C. 11.5 cm
- ✗ D. 13.6 m

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के रूप में समाहित गांधीवादी आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है?

Ans
- ✗ A. सभी के लिए उपयुक्त रोजगार सुनिश्चित करना
- ✗ B. बच्चों को शोषण से बचाना
- ✗ C. जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाना
- ✓ D. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना

Q.34 भारत की 1991 से पूर्व की आर्थिक संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा, क्षेत्रीय GDP योगदान और रोजगार समावेश के बीच विरोधाभास को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. सेवाओं ने GDP वृद्धि और रोजगार सृजन में समान रूप से योगदान दिया।
- ✗ B. GDP और रोजगार में सबसे अधिक योगदान उद्योग का था।
- ✗ C. विनिर्माण क्षेत्र, रोजगार का प्रमुख स्रोत बन गया।
- ✓ D. GDP की गिरावट में कृषि का योगदान रहा, लेकिन इसने अधिकांश रोजगार का समावेश किया।

Q.35 किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम के अंतर्गत बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया?

Ans
- ✗ A. 91वां संशोधन अधिनियम, 2003
- ✓ B. 92वां संशोधन अधिनियम, 2003
- ✗ C. 86वां संशोधन अधिनियम, 2002
- ✗ D. 93वां संशोधन अधिनियम, 2005

Q.36 दिल्ली महिला एवं बाल विकास (WCD) विभाग की महिला सुरक्षा नीति, 2025 के तहत, यदि महिला कर्मचारियों को देर रात तक काम करने की आवश्यकता होती है, तो उनके लिए क्या अनिवार्य व्यवस्था की जानी चाहिए?

Ans
- ✓ A. परिवहन
- ✗ B. बोनस
- ✗ C. रात्रिभोज
- ✗ D. निवास स्थान

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.37 यदि संख्या 5723946 के प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक विषम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार दिखाई देंगे?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक

Q.38 100 पुरुषों के पास 26 दिनों का राशन है। यदि 50 पुरुष चले गए, तो शेष पुरुषों के लिए वही राशन कितने दिनों तक चलेगा?

Ans
- ✗ A. 50
- ✗ B. 56
- ✗ C. 54
- ✓ D. 52

Q.39 कांच के प्रिज्म द्वारा स्पेक्ट्रम का निर्माण ________ के कारण होता है।

Ans
- ✗ A. अपवर्तन
- ✗ B. परावर्तन
- ✓ C. परिक्षेपण
- ✗ D. प्रकीर्णन

Q.40 चोल साम्राज्य में, ब्राह्मणों को दान में दी गई कर-मुक्त भूमि, जहाँ वे बस गए थे, __________ के नाम से जानी जाती थी।

Ans
- ✗ A. गर्भगृह
- ✗ B. वलनाडु
- ✓ C. अग्रहारम
- ✗ D. महासभा

Q.41 प्रथम 62 सम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 61
- ✗ B. 64
- ✓ C. 63
- ✗ D. 62

Q.42 यदि $15\%\ of\ 80\ - \frac{3}{6} \times \sqrt[3]{216} \times \sqrt{36} = y$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -12
- ✗ B. -3
- ✓ C. -6
- ✗ D. -10

Q.43 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा V के बाद है। केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा S से पहले है। P की परीक्षा R के बाद लेकिन V से पहले है। T की परीक्षा Q के बाद किसी दिन है लेकिन रविवार को नहीं है।
Q और U के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.44** भारत में किस नदी पर राष्ट्रीय जलमार्ग 57 (NW-57) विकसित किया गया है?

Ans
- ✔ A. कोपिली नदी
- ✘ B. गंडक नदी
- ✘ C. ज़ुआरी नदी
- ✘ D. काली नदी

**Q.45** निम्नलिखित में से कौन-सा, 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत की मौद्रिक नीति में हुए संरचनात्मक समायोजन को प्रदर्शित करता है?

Ans
- ✘ A. नियामक उपकरण के रूप में खुला बाजार के संचालन का उन्मूलन
- ✔ B. रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप में कमी के साथ बाजार द्वारा निर्धारित ब्याज दरें
- ✘ C. कृषि और MSME के लिए नियंत्रित ऋण दरें
- ✘ D. घाटे के वित्तपोषण के माध्यम से मुद्रा आपूर्ति का विस्तार

**Q.46** गुप्तोत्तर काल में "सामंत" (Samantas) कौन थे?

Ans
- ✘ A. धार्मिक प्रमुख
- ✔ B. सामंती स्वामी
- ✘ C. वास्तुकार
- ✘ D. किसान

**Q.47** 2001 और 2011 के बीच, भारत की साक्षरता दर में पुरुष-महिला अंतर __________ ।

Ans
- ✘ A. शून्य हो गया।
- ✘ B. बढ़ा गया।
- ✘ C. समान रहा।
- ✔ D. कम हो गया है।

**Q.48** यदि a : b :: b : c; c = 4a; और b = 6 है, तो c का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 16
- ✘ B. 20
- ✘ C. 8
- ✔ D. 12

**Q.49** ईंधन की कीमत लगातार तीन महीनों में 40%, 60% और 60% घटती है, लेकिन चौथे महीने में 70% बढ़ जाती है। चौथे महीने में ईंधन की कीमतों में इसकी मूल कीमत की तुलना में कितना प्रतिशत वृद्धि या कमी हुई है?

Ans
- ✘ A. 84.38% की कमी
- ✔ B. 83.68% की कमी
- ✘ C. 80.38% की वृद्धि
- ✘ D. 87.04% की वृद्धि

**Q.50** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी चाय, स्नैक है। सभी चाय, ब्रंच है। सभी ब्रंच, डिनर हैं।
निष्कर्ष:
(I) सभी चाय, डिनर है।
(II) कुछ ब्रंच, स्नैक हैं।

Ans
- ✔ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✘ D. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.51 निम्नलिखित डेटासेट एक महीने में 25 विद्यार्थियों द्वारा पढ़ी गई पुस्तकों की संख्या को दर्शाता है:
2 , 4 , 4 , 5 , 5 , 5 , 6 , 7 , 7 , 7 , 7 , 8 , 8 , 9 , 9 , 10 , 10 , 11 , 11 , 12 , 13 , 13 , 13 , 15 , 16
डेटासेट का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 11
- ✓ C. 7
- ✗ D. 5

Q.52 निम्नलिखित में से किसने विषयों को आरक्षित और स्थानांतरित सूचियों में विभाजित करके द्वैध शासन की शुरुआत की?

Ans
- ✓ A. भारत सरकार अधिनियम, 1919
- ✗ B. भारतीय परिषद अधिनियम, 1892
- ✗ C. भारत सरकार अधिनियम, 1935
- ✗ D. भारत सरकार अधिनियम, 1909

Q.53 साधारण ब्याज पर कोई धनराशि किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से 16 वर्षों में स्वयं की 5 गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 23
- ✗ B. 50
- ✗ C. 27
- ✓ D. 25

Q.54 प्रत्येक सामान्य निर्वाचन के पश्चात् प्रथम सत्र के आरंभ में और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों में दिया जाने वाला विशेष अभिभाषण, भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत उल्लिखित है?

Ans
- ✓ A. अनुच्छेद 87
- ✗ B. अनुच्छेद 86
- ✗ C. अनुच्छेद 85
- ✗ D. अनुच्छेद 88

Q.55 5 : 12, 14 : 31, 8 : 33 और 17 : 39 में सबसे बड़ा अनुपात कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 17 : 39
- ✓ B. 14 : 31
- ✗ C. 8 : 33
- ✗ D. 5 : 12

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'VAJR' को '102' के रूप में और 'DOTG' को '92' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'ZELW' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✓ A. 132
- ✗ B. 124
- ✗ C. 121
- ✗ D. 138

Q.57 बेंगलुरु में प्रसिद्ध नृत्यग्राम संस्थान की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?

Ans
- ✓ A. प्रतिमा गौरी
- ✗ B. बिजयिनी सतपथी
- ✗ C. पवित्रा रेड्डी
- ✗ D. सुरुपा सेन

Prepp Your Personal Exam Guide

| | |
|---|---|
| Q.58 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाता है तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाता है, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?<br>156 × 12 − 13 ÷ 8 + 71 = ? |
| Ans | ✗ A. 43<br>✗ B. 45<br>✓ C. 46<br>✗ D. 41 |

| | |
|---|---|
| Q.59 | तमिल साहित्यिक कृति 'इरैयनार अहप्पोरुल (Iraiyanar Ahapporul)' किस शताब्दी की है? |
| Ans | ✓ A. 8वीं शताब्दी ईस्वी<br>✗ B. 5वीं शताब्दी ईस्वी<br>✗ C. 11वीं शताब्दी ईस्वी<br>✗ D. 7वीं शताब्दी ईस्वी |

| | |
|---|---|
| Q.60 | भारत सरकार के अनुसार, जुलाई 2023 में आकस्मिक बाढ़ ने किस राज्य में कई शक्ति स्टेशनों के कामकाज को बुरी तरह से बाधित किया था? |
| Ans | ✗ A. अरुणाचल प्रदेश<br>✗ B. सिक्किम<br>✗ C. उत्तराखंड<br>✓ D. हिमाचल प्रदेश |

| | |
|---|---|
| Q.61 | रीमा और जूही, प्रत्येक जब अकेले काम करती हैं, तो एक काम को क्रमशः 12 दिन और 36 दिन में पूरा कर सकती हैं। दोनों बारी-बारी (एक दिन छोड़कर) से काम करती हैं, रीमा पहले दिन से और जूही दूसरे दिन से काम शुरू करती है। काम पूरा करने में कुल कितने दिन लगेंगे? |
| Ans | ✗ A. 16<br>✓ B. 18<br>✗ C. 24<br>✗ D. 28 |

| | |
|---|---|
| Q.62 | एक विद्यालय कार्यक्रम के लिए एक शंक्वाकार टेंट लगाया जाना है। टेंट की आधार त्रिज्या 7 मीटर है, और ऊंचाई 24 मीटर है। टेंट के संपूर्ण वक्रित पृष्ठ क्षेत्रफल को कवर करने के लिए एक सजावटी कपड़े का उपयोग किया जाना है कपड़े की कीमत ₹40 प्रति वर्ग मीटर है। आवश्यक कपड़े की कुल लागत ज्ञात कीजिए।<br>($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए) |
| Ans | ✗ A. ₹22,800<br>✗ B. ₹23,800<br>✓ C. ₹22,000<br>✗ D. ₹21,000 |

| | |
|---|---|
| Q.63 | विहाना 11 km उत्तर की ओर चलती है, फिर बाएं मुड़कर 7 km चलती है। इसके बाद वह पुनः बाएं मुड़कर 11 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़कर 2 km चलती है और बिंदु R पर पहुँचती है।<br>बिंदु R आरंभिक बिंदु से कितनी दूर और किस दिशा में है? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न हो।) |
| Ans | ✓ A. 9 km, पश्चिम<br>✗ B. 11 km, पूर्व<br>✗ C. 8 km, पूर्व<br>✗ D. 10 km, पश्चिम |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.64** जुलाई 2025 में अनुमोदित ELI योजना के अंतर्गत, पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को इस योजना के अंतर्गत एक महीने का वेतन कितनी राशि तक मिलेगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹20,000
- ✓ B. ₹15,000
- ✗ C. ₹12,000
- ✗ D. ₹10,000

**Q.65** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं तथा इस प्रकार एक ग्रुप का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. DF-EG
- ✗ B. LN-MO
- ✓ C. KM-NP
- ✗ D. HJ-IK

**Q.66** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" के स्थान पर आयेगा?
QIL 14, UMP 18, YQT 22, CUX 26, ?

**Ans**
- ✓ A. GYB 30
- ✗ B. GXZ 32
- ✗ C. GZD 30
- ✗ D. HZC 29

**Q.67** 2025 में, कौन-सा देश आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) का 90वां राज्य सदस्य बना है?

**Ans**
- ✗ A. मालदीव (Maldives)
- ✗ B. किरीबाती (Kiribati)
- ✓ C. तुवालू (Tuvalu)
- ✗ D. नाउरु (Nauru)

**Q.68** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) B * £ J E % $ * V € G * D H @ A £ O V $ T Y (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 4
- ✓ C. 3
- ✗ D. 2

**Q.69** एक चक्रीय चतुर्भुज PQRS की भुजा PQ को बिंदु T तक बढ़ाया जाता है। यदि $\angle RQT = 58^{\circ}$ है, तो $\angle PSR$ की माप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 116°
- ✗ B. 122°
- ✓ C. 58°
- ✗ D. 29°

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.70** J, K, L, R, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
J और T के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। S और K के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। L और K के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। L क्रमांक 1 वाले तल पर रहता है। J, K के ऊपर रहता है। R और S के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✓ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

**Q.71** निम्नलिखित में से किस मंत्रिमंडल समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नहीं करते हैं?

**Ans**
- ✓ A. संसदीय कार्यों की मंत्रिमंडल समिति
- ✗ B. आर्थिक कार्यों की मंत्रिमंडल समिति
- ✗ C. रोजगार और कौशल विकास की मंत्रिमंडल समिति
- ✗ D. निवेश और वृद्धि की मंत्रिमंडल समिति

**Q.72** यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 547 589 652 598 637 (दाएं)
(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोटः सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।
यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ दिया जाए तो परिणाम क्या प्राप्त होगा?

**Ans**
- ✓ A. 9
- ✗ B. 12
- ✗ C. 14
- ✗ D. 11

**Q.73** नीचे दिए गए आंकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए। [ अपना उत्तर 2 दशमलव स्थानों तक पुर्णांकित कीजिए।]

| वर्ष में आयु | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 | 70-80 | 80-90 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोगियों की संख्या | 36 | 29 | 35 | 22 | 18 | 38 | 26 |

**Ans**
- ✓ A. 76.25
- ✗ B. 72.25
- ✗ C. 78.25
- ✗ D. 74.25

**Q.74** उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(19,21,55)
(8,9,23)

**Ans**
- ✓ A. (22,21,67)
- ✗ B. (20,12,79)
- ✗ C. (7,5,3)
- ✗ D. (1,21,19)

Q.75 नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
6 - 11 - 22 - 32; 9 - 14 - 28 - 38

Ans
✔ A. 13-18-36-46
✘ B. 12-17-34-54
✘ C. 7-12-24-14
✘ D. 14-19-38-58

Q.76 शुक्र के वायुमंडल में मौजूद अम्ल ________ है।

Ans
✘ A. HNO3
✘ B. HCOOH
✘ C. HCl
✔ D. H2SO4

Q.77 पृथ्वी के घूर्णन के कारण उत्पन्न होने वाला निम्नलिखित में से कौन-सा आभासी बल उत्तरी गोलार्ध में पवनों को दाईं ओर और दक्षिणी गोलार्ध में पवनों को बाईं ओर विक्षेपित करता है?

Ans
✔ A. कोरिऑलिस बल
✘ B. घर्षण बल
✘ C. गुरूत्वीय बल
✘ D. दाब प्रवणता बल

Q.78 11 परिणामों का औसत 61 है। यदि पहले 6 परिणामों का औसत 64 है और अंतिम 6 का औसत 61 है, तो 6वां परिणाम ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 79
✘ B. 80
✘ C. 81
✘ D. 78

Q.79 भारत में निम्नलिखित में से किस द्वीपसमूह में बैरन द्वीप पर सक्रिय ज्वालामुखी होने का पता चला है?

Ans
✘ A. लक्षद्वीप
✘ B. मिनिकॉय द्वीप
✔ C. अंडमान और निकोबार द्वीप
✘ D. रामेश्वरम द्वीप

Q.80 नीति आयोग के 'SDG इंडेक्स पूर्वोत्तर जिले 2023-24 (SDG Index NE Districts 2023–24)' में मिजोरम के किस जिले को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले के रूप में मान्यता दी गई?

Ans
✔ A. ह्नाहथिआल
✘ B. आईजोल
✘ C. लुंगलेई
✘ D. चम्फाई

Q.81 $\dfrac{732 \times 732 \times 732 + 268 \times 268 \times 268}{73.2 \times 73.2 + 26.8 \times 26.8 - 73.2 \times 26.8}$ को सरल कीजिए।

Ans
✘ A. 1000
✔ B. 100000
✘ C. 100
✘ D. 10000

Q.82 कौन-सा प्रावधान भारत के संविधान के लागू होने से पहले पाकिस्तान से आकर भारत में बसे व्यक्तियों की नागरिकता से संबंधित है?

Ans
✔ A. अनुच्छेद 6
✘ B. अनुच्छेद 10
✘ C. अनुच्छेद 5
✘ D. अनुच्छेद 8

Q.83 भुजाओं 3 cm, 4 cm और 5 cm वाले एक त्रिभुज ABC को 3 cm भुजा वाली भुजा के परितः घुमाया जाता है। इस प्रकार प्राप्त ठोस का आयतन ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ उपयोग कीजिए)

Ans
✘ A. 55.61 cm3
✘ B. 42.62 cm3
✔ C. 50.24 cm3
✘ D. 40.55 cm3

Q.84 एक दुकानदार ने ₹520 प्रति दर्जन की दर से 59 दर्जन वस्तुएँ खरीदीं। उसने प्रत्येक वस्तु को ₹52 की दर से बेचा। उसे कितने प्रतिशत लाभ हुआ?

Ans
✘ A. 23%
✔ B. 20%
✘ C. 21%
✘ D. 19%

Q.85 X, Y, Z, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है। U के ऊपर केवल Z रहता है। U के ठीक नीचे T रहता है। S के नीचे केवल Y रहता है। तल क्रमांक 4 पर कौन रहता है?

Ans
✘ A. U
✘ B. S
✔ C. T
✘ D. Z

Q.86 एक वृत्ताकार रनिंग ट्रैक पर, P को 5 चक्कर पूरे करने में 40 मिनट लगते हैं। R को 7 चक्कर पूरे करने में उतना ही समय लगता है जितना P को 6 चक्कर पूरे करने में लगता है। यदि वे व्यास के दो अलग-अलग छोरों से एक ही दिशा में दौड़ना शुरू करते हैं, तो वे पहली बार _________ मिनट के बाद मिलेंगे।

Ans
✘ A. 20
✘ B. 28
✘ C. 30
✔ D. 24

Q.87 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ALIT' को '2159' के रूप में और 'HILT' को '6912' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'H' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ A. 1
✔ B. 6
✘ C. 9
✘ D. 2

Q.88 रामानुज के श्री वैष्णव परंपरा के निम्नलिखित में से किस प्रमुख अनुयायी ने उत्तर भारत में भक्ति संबंधी उपदेशों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
✘ A. नामदेव
✘ B. रामानुजाचार्य
✘ C. माध्वाचार्य
✔ D. रामानंद

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.89** मानव शरीर में ऊतकों के निर्माण और मरम्मत के लिए मुख्य रूप से कौन-सा पोषक उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. वसा
- ✗ B. कार्बोहाइड्रेट
- ✓ C. प्रोटीन
- ✗ D. विटामिन

**Q.90** निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:

$$\left[3.75+\frac{4}{5}\right]-\left[3.5-\frac{8}{20}\right]$$

**Ans**
- ✗ A. 1.35
- ✗ B. 1.4
- ✓ C. 1.45
- ✗ D. 1.5

**Q.91** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : ZJR :: PZH : %

**Ans**
- ✓ A. # = TDL % = VFN
- ✗ B. # = TDL % = VCN
- ✗ C. # = UDL % = VFN
- ✗ D. # = TDM % = VFN

**Q.92** किसी संख्या में 25% की वृद्धि करने पर वह एक ऐसी संख्या के बराबर हो जाती है जो तीसरी संख्या से 20% कम है। पहली संख्या और तीसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 27:38
- ✓ B. 16:25
- ✗ C. 9:16
- ✗ D. 25:36

**Q.93** सुमन, कुणाल और पूजा ने क्रमशः ₹1050, ₹1510 और ₹1280 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1650 है, तो लाभ में पूजा का शेयर कितना है?

**Ans**
- ✓ A. ₹550
- ✗ B. ₹548
- ✗ C. ₹551
- ✗ D. ₹549

**Q.94** निम्नलिखित में से कौन-से आयन, पर्णहरित (chlorophyll) की प्रकाश अवशोषित करने में सहायता करते हैं?

**Ans**
- ✗ A. Ca
- ✗ B. Na
- ✓ C. Mg
- ✗ D. C

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.95 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(44, 968, 22)
(26, 650, 25)

Ans
- ✗ A. (15, 348, 23)
- ✗ B. (34, 173, 5)
- ✗ C. (23, 210, 9)
- ✓ D. (18, 108, 6)

Q.96 एक निश्चित कूट भाषा में,
T + J का अर्थ है कि 'T, J का पिता है',
T - J का अर्थ है कि 'T, J की पुत्री है',
T X J का अर्थ है कि 'T, J की माता है', और
T # J का अर्थ है कि 'T, J का पति है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'G # A - R + K' हो, तो G का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पति
- ✗ B. बहन का पति
- ✓ C. पुत्री का पति
- ✗ D. पति का भाई

Q.97 2025 में, किस संयुक्त राष्ट्र निकाय ने शहरीकरण पद्धति की डिग्री (Degree of Urbanization methodology) का उपयोग करके विश्व शहरीकरण संभावनाएँ रिपोर्ट जारी की?

Ans
- ✗ A. संयुक्त राष्ट्र मानव आवास कार्यक्रम (UN-Habitat)
- ✓ B. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक मामलों का विभाग (UN DESA)
- ✗ C. संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग
- ✗ D. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

Q.98 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बाघ, भेड़िया हैं। सभी सियार, भेड़िया हैं। सभी जानवर, भेड़िया हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ जानवर, बाघ हैं।
(II) कुछ सियार, जानवर हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.99 दो लचीली परतों (flexible layers) को एक साथ प्रेस करके किस प्रकार की टचस्क्रीन काम करती है, जिससे यह नाखून या प्लास्टिक स्टाइलस (fingernail or plastic stylus) जैसी अचालकीय वस्तु से इनपुट को डिटेक्ट कर सकती है?

Ans
- ✓ A. रेसिस्टिव टच (Resistive touch)
- ✗ B. इंफ्रारेड ग्रिड टच (Infrared grid touch)
- ✗ C. कैपेसिटिव टच (Capacitive touch)
- ✗ D. सरफेस अकूस्टिक वेव (Surface acoustic wave)

Q.100 निम्नलिखित में से कौन-सा, मंत्रिपरिषद की त्रि-स्तरीय संरचना को सटीक रूप से निरूपित करता है?

Ans

✗ A. प्रधानमंत्री – राज्य मंत्री – कैबिनेट मंत्री

✓ B. कैबिनेट मंत्री – राज्य मंत्री – उप-मंत्री

✗ C. कैबिनेट मंत्री – उप-मंत्री – राज्यपाल

✗ D. मुख्यमंत्री – राज्य मंत्री – उप-मुख्यमंत्री

"

Your Personal Exam Guide